आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.07.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर में लगभग 19 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नगर निगम कार्यालय भवन का शिलान्यास और छोटे व्यापारियों व महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए निर्मित दुकानों व ग्रामीण हाट के उद्घाटन किए। बाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सरकारी भूमि पर कई वर्षों पहले बसे गरीब व भूमिहीन लोगों के मकानों को रियायत प्रदान करने के लिए एक नीति बनाने की घोषणा की ताकि उन्हें राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में 6 सौ 30 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाला डॉक्टर राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज अगस्त महीने में जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में विकास कार्यों में कही कोई कमी नहीं आने दी जा रही है।

राज्यपाल

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा है कि औषधीय पौधों के वैज्ञानिक उपयोग से हिमाचल प्रदेश में बागवानी केन्द्र के साथ–साथ हरित उद्यमिता की राजधानी बनने की क्षमता है। राज्यपाल आज प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औषधीय जड़ी–बूटियों, सुगन्धित पौधों और अन्य उच्च मूल्य वाली फसलों का समृद्ध भंडार है। कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि वैज्ञानिक खेती, मूल्य संवर्धन और नवाचार के माध्यम से इस भंडार का उपयोग कर हजारों युवाओं के लिए सतत आजीविका के अवसर सृजित किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे की बुराई के प्रति सचेत रहने का आहवान करते हुए कहा कि मादक पदार्थों का दुरूपयोग समाज के लिए एक बड़े खतरे के रूप में उभर रहा है।

बिक्रम ठाकुर

भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने राज्य सरकार के साढ़े तीन साल के कार्यकाल को पूरी तरह विफल करार दिया है। शिमला में आज उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार वादा खिलाफी, भ्रष्टाचार, कुशासन और प्रशासनिक विफलताओं का नया रिकार्ड बनाकर इतिहास में दर्ज होगी। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार बेहतर शासन के दावे करते हैं लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय स्वीकृत नालागढ़ मैडिकल डिवाईस पार्क के लिए केन्द्र सरकार ने एक सौ करोड़ रूपए की अनुदान राशि जारी कर दी थी। लेकिन कांग्रेस सरकार ने ये राशि वापिस कर प्रदेश के हजारों युवाओं के रोजगार के अवसर छीन लिए। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में खनन माफिया सक्रिय है और सरकार से जुड़े लोग खनन से लाभ उठा रहे हैं।

प्राकृतिक खेती

केन्द्र सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। सोलन जिला में करीब 2 हजार 5 सौ हैक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है। आत्मा परियोजना के निदेशक हीरा लाल आजाद ने बताया कि केन्द्र सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार कलस्टर बनाकर किसानों को जोड़ा जा रहा है।

जनगणना

ऊना जिला ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण व मकानों की गणना का कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा कर प्रदेशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। उपायुक्त जतिन लाल ने इस उपलब्धि पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 चार्ज अधिकारियों को सम्मानित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारभूत प्रक्रिया है जिसके माध्यम से विकास योजनाओं के निर्माण व प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध होते हैं।